एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

डायरेक्टर लव रंजन के साथ काम नहीं कर रही हैं दीपिका पादुकोण

ऐक्ट्रेसदीपिका पादुकोण इस समय बॉलिवुड की सबसे बेहतरीन अदाकाराओं में से एक मानी जाती हैं। दीपिका अपनी फिल्मों और पर्सनल लाइफ के लिए हमेशा चर्चा में रहती हैं। फिल्म पद्मावत के रिलीज होने के बाद से दीपिका के फैन्स उनकी अगली फिल्म के रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं। पिछले दिनों ऐसी खबरें सामने आई थीं कि उन्हें डायरेक्टर लव रंजन की अगली फिल्म में कास्ट किया गया है।

पिछले दिनों दीपिका को अपने एक्स-बॉयफ्रेंड रणबीर कपूर के साथ लव रंजन के घर जाते हुए देखा गया था। वैसे बता दें कि कुछ दिन पहले एक महिला ने लव रंजन पर कथित तौर पर सेक्शुअल हैरसमेंट का आरोप लगाया था। तब एक मैगजीन ने दीपिका से पूछा कि क्या वह एक ऐसे व्यक्ति के साथ काम करेंगी जिसके ऊपर सेक्शुअल हैरसमेंट के आरोप लगे हैं। इसके जवाब में दीपिका ने कहा कि वह कभी भी ऐसे किसी व्यक्ति के साथ काम नहीं करेंगी जिस पर सेक्शुअल हैरसमेंट के आरोप लगे हों।वर्कफ्रंट की बात करें तो दीपिका अब मेघना गुलजार की अगली फिल्म छपाक में दिखाई देंगी। इस फिल्म में उनके साथ विक्रांत मैसी दिखाई देंगे और दीपिका इसमें एसिड अटैक पीड़िता का किरदार निभा रही हैं। इसके अलावा वह अपने पति रणवीर सिंह के साथ स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 83 में भी दिखाई देंगी।

सेक्रेट गेम्स 2 की शूटिंग छोड़कर भागना चाहती थी:सुरवीन चावला

बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री सुरवीन चावला ने सुपरहिट वेब सीरीज के दूसरे संस्करण सेक्रेट गेम्स 2 पर बड़ा खुलासा किया है. पार्च्ड फेम इस अभिनेत्री ने बताया है कि इस वेब सीरीज की शूटिंग के दौरान उन्हें कितनी मुश्किलात का सामना करना पड़ा. कई मर्तबे तो ऐसा हुआ जब उन्हें सेट से भाग जाने का जी हुआ. सुरवीन सेक्रेट गेम्स 2 में जोजो के किरदार में होंगी.

उल्लेखनीय है हेट स्टोरी 2 की स्टार सुरवीन चावला अपने हॉट सीन्स के लिए जानी जाती हैं. लेकिन उन्होंने बताया कि प्रेगनेंट होने के बाद कई तरह की मनोदशाओं में जीना ठीक नहीं होता. जब एक महिला प्रेगनेंट होती है तो वो उसके मन अपने ही तरह की भावनाएं उमड़-घुमड़ रही होती हैं.

ऐसे में किसी और किरदार में ढलने काफी परेशानी होती है. जानकारी के अनुसार फिल्म में उनका किरदार जोजो नाम की एक शातिर युवती का है. वो दिमागी तौर पर लोगों से खेलते नजर आएगी. यहां तक वह गणेश गायतोंडे को चकमा देने में कामयाब होगी.

सेक्रेट गेम्स 2 के प्रचार-प्रसार के दौरान अभिनेत्री सुरवीन चावला ने अपनी आपबीती सुनाई है. उन्होंने बताया कि शूटिंग के दौरान ऐसे कई मौके आए जब मुझे सबकुछ छोड़कर वहां से भाग जाऊं. खासकर के ऐसे सीन्स में जब दिमागी और शारीरिक तौर पर बहुत ज्यादा थकाऊ सीन्स होते थे. उन्होंने बताया कि गर्भवती होने के बाद कुछ सीन्स ऐसे होते हैं जिन्हें करने का बिल्कुल दिल गवाही नहीं देता. लेकिन स्क्रिप्ट की डिमांड पर करना पड़ा. तब हालत एकदम खराब हो जाती थी.

उल्लेखनीय है कि सुरवीन चावला के किरदार जोजो को सेक्रेट गेम्स के पहले सीजन में ही दिखा दिया गया था. हालांकि तब सुरवीन के किरदार जोजो की छोटी कहानी ही दिखाई गई थी. दूसरे सीजन में किरदार को विस्तार दिया जाएगा.

जानकारी के अनुसार फिल्म में उनका किरदार जोजो नाम की एक शातिर युवती का है. वो दिमागी तौर पर लोगों से खेलते नजर आएगी.

बॉडी शेमिंग पर रोक चाहती हैं मिशन मंगल की निथ्या मेनन

मल्टीस्टारर फिल्म 'मिशन मंगल' से बॉलिवुड में डेब्यू करने जा रहीं दक्षिण भारतीय ऐक्ट्रेस निथ्या मेनन का कहना है कि ऐक्टर्स से मांग की जाती है कि वह हमेशा सुदंर दिखें, लेकिन यह मांग अव्यावहारिक होने के साथ-साथ गलत भी है और इस बॉडी शेमिंग पर रोक लगनी चाहिए। हालांकि तथाकथित परफेक्ट चेहरा और फिगर की मांग दक्षिण की अपेक्षा बॉलिवुड में ज्यादा है, इस बारे में निथ्या की प्रतिक्रिया के बारे में पूछा गया तो उन्होंने मीडिया से कहा, 'मेरा मानना है कि लोगों के लिए यह जरूरी है कि वे खूबसूरती के विभिन्न प्रकारों की सराहना करें। हर एक व्यक्ति अलग दिखता है और यही खूबसूरती है। यह बेहद नकारात्मक है जब लोग कहते हैं, 'तुम्हारी नाक परफेक्ट नहीं है, इसे ठीक करवाओ।' निथ्या ने आगे कहा, 'हम एक निश्चित रूप में पैदा हुए हैं और हमें इस पर खुश होना चाहिए। इसकी शुरुआत बचपन से ही की जानी चाहिए और कभी किसी की शारीरिक कद-काठी की निंदा नहीं करनी चाहिए।' निथ्या के मुताबिक, 'मुझे पता है कि लोग बच्चों से उनकी त्वचा की रंगत के बारे में बात करते हैं। कभी बच्चों को 'मोटू' इत्यादि कहकर बुलाया जाता है। इसे तभी रोकना चाहिए। सोशल मीडिया पर काफी ट्रोलिंग होती है, जो कि बेहद निर्मम है ! लोग कलाकारों से अवास्तविक सुंदरता की अपेक्षा रखते हैं।' इससे पहले बॉडी शेमिंग के बारे में बात करते हुए निथ्या की को-स्टार विद्या बालन भावुक हो गई थीं। विद्या बालन, भूमि पेडनेकर, सोनाक्षी सिन्हा और सारा अली खान जैसी कई अभिनेत्रियां हैं जिन्हें उनके शारीरिक वजन के चलते कई आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। अपनी आगामी फिल्म 'मिशन मंगल' में निथ्या एक महिला वैज्ञानिक का किरदार निभा रही हैं। इसमें उनके साथ विद्या बालन, तापसी पन्नू, कीर्ति कुल्हारी, सोनाक्षी सिन्हा और अक्षय कुमार हैं। 'मिशन मंगल' की कहानी भारत के मार्स ऑर्बिटर मिशन पर आधारित है। इसके निर्देशक जगन शक्ति हैं और यह फिल्म 15 अगस्त को रिलीज होगी।